संख्या-484/21-उर्दू-1-2005-3(21)/2004-06

प्रेषक,

पी० के० मिश्रा,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

सचिव,
फ़ख़रूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी,
इन्दिरा भवन, लखनऊ ।

भाषा (उर्दू) अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 17 जनवरी, 2006

विषय: फ़ख़रूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के अन्तर्गत सृजित अस्थायी पदों का स्थायीकरण ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय भाषा विभाग के नियन्त्रणाधीन फ़ख़रूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के अन्तर्गत संलग्नक में उल्लिखित अस्थायी पदों को दिनांक 17 जनवरी, 2006 से स्थायी पदों में परिवर्तित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

2. उक्त पदों के पद धारकों को शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते जो उन्हें अनुमन्य हों भी देय होंगे ।

3. मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त अस्थायी पदों के दिनांक 17 जनवरी, 2006 से स्थायी पदों में परिवर्तित हो जाने के फलस्वरूप संलग्नक के कॉलम 6 में उल्लिखित शासनादेश संख्या-32/इक्कीस-4-2005-3(21)/2004 दिनांक 16 फरवरी, 2005 को जिसमें इन को वर्ष 2006 में दिनांक 28 फरवरी, 2006 तक अस्थायी रूप से चलते रहने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, इस सीमा तक संशोधित माना जायेगा कि उक्त पदों की निरन्तरता केवल दिनांक 16 जनवरी, 2006 तक के लिये ही दी गयी थी ।

4. उपर्युक्त पदों पर होने वाला व्यय आय-व्ययक की अनुदान संख्या-39 के लेखाशीर्षक "2202-सामान्य शिक्षा-आयोजनेत्तर-05-भाषा विकास-103-आधुनिक भारतीय भाषाओं तथा साहित्य का सम्वर्द्धन-07-स्व0फ़ख़रूद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति को अनुदान-20-सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायक-43-वेतन भत्ते आदि के लिए सहायक अनुदान के नामे" डाला जायेगा ।

.....क्रमशः 2

प्रमाणित किया जाता है कि संलग्नक में दिये गये पदों का स्थायीकरण शासनादेश संख्या-ए-2-797/10-87-24(12)-86 दिनांक 25 मई, 1987 में नीहित सभी शर्तों की पूर्ति के बाद किया जा रहा है ।

भवदीय,

(पी0 के0 मिश्रा)
विशेष सचिव ।

सं0- 484(1)/21-उर्दू-1-2005-3(21)/2004-06 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य-वाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ ।
3. वित्त, वेतन आयोग अनुभाग-1 एवं 2
4. भाषा अनुभाग-2
5. गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(सुरेन्द्र विक्रम अस्थाना)
उप सचिव ।

शासनादेश संख्या-484/21-उर्दू-1-05-3(21)/2004-2006 दिनांक 17 जनवरी, 2006 का संलग्नक

शिक्षा विभाग के नियन्त्रणाधीन संस्था स्व0 फ़ख़रूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के लिए सृजित 05 अस्थायी पदों को स्थायी किये जाने का विवरण

क्रम सं0	पद का नाम	स्थायी किए जाने वाले पदों की संख्या	स्वीकृत वेतनमान	शासनादेश सं0 तथा दि0 जिसमें पद मूलरूप में सृजित हुआ था।	शासनादेश संख्या तथा दि0 दिनांक जिसमें अन्तिम बार पद के स्थायीकरण अथवा उसके बाद की तिथि तक उसकी सातत्य स्वीकृत किया गया था।	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1.	वैयक्तिक सहायक-कम प्रवर वर्ग सहायक-कम-लेखाकार	01	5000-8000	संख्या-1324(1)/चालीस-2-81-रा0एकी0 दिनांक 29 जून 1981	संख्या-32/इक्कीस-4-2005-3(21)/2004 दिनांक 16 फरवरी, 2005	
2.	नैत्यिक लिपिक/टंकक	01	3050-4590	संख्या-725/चालीस-रा0एकी0-15/11/77 दिनांक 09 सितम्बर, 1980	तदैव	
3.	कनिष्ठ लिपिक	01	3050-4590	संख्या-2902/चालीस-2-85-19(17)/85 दि0 17 जून, 1985	तदैव	
4.	ड्राईवर	01	3050-4590	संख्या-427/चालीस-2-1(8)/86 दिनांक 21 मार्च, 1986	तदैव	
5.	चपरासी	01	2550-3200	संख्या-2117(3)/चालीस-2-81-रा0एकी0 15.11.77 दि0 26 नवम्बर, 81	तदैव	

(एन0 के0 सिन्हा)
विशेष सचिव